**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 16.02.2026 (संध्या–1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओलचिकी लिपी के शताब्दी वर्ष पर आयोजित स्मरणोत्सव में स्मारक सिक्का और डाक टिकट किया जारी, कहा–ओलचिकी लिपी ने संथाली समाज को एकता के सूत्र में बांधा।**
2. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली स्थित भारत मंडपम में एआई इंम्पैक्ट समिट का किया उद्‌घाटन, भारत पहुंच रहे 20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष।**
3. **रांची नगर निकाय चुनाव में भाजपा समर्थित रोशनी खलखो ने किया संकल्प पत्र जारी, कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार रमा खलखो ने जनता से किए पेयजल आपूर्ति सहित 5 वायदे।**
4. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पैतृक गांव नेमरा पहुंचे, ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर दिया समाधान का भरोसा।**

**और**

5. **झारखंड हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला, बुजुर्ग माता–पिता की स्व अर्जित संपत्ति पर बेटा–बहू नहीं जता सकते जबरन अधिकार।**

*****************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ओलचिकी लिपी के शताब्दी वर्ष के सिलसिले में दिल्ली में आयोजित स्मरणोत्सव में आज शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने स्मारक सिक्का और डाक टिकट का विमोचन किया। मौके पर स्मारिका का भी लोकार्पण हुआ। राष्ट्रपति ने संताली भाषा और ओलचिकी से जुड़ी विभूतियों को सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने ओलचिकी लिपी के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मू को नमन करते हुए कहा कि ओलचिकी लिपी ने संथाली समाज को एकता के सूत्र में बांधा है।

*****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में एआई इंपैक्ट समिट दो हजार 26 का उद्‌घाटन किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री ने भरोसा जताया है कि इस मेगा आयोजन से नई व्यवसायिक साझेदारियों सहयोगी इको सिस्टम और वैश्विक एआई नवाचार में भारत की भूमिका को मजबूत किया जा सकेगा। इस सम्मेलन में भारत के अलावा 20 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।

*****************

रांची में मेयर पद की प्रत्याशी रोशनी खलखो की ओर से संकल्प पत्र जारी किया गया। चुनावी घोषणा पत्र जारी करने के बाद मेयर पद की प्रत्याशी रोशनी खलखो ने कहा कि रांची के सभी वार्डों में नगर निगम की कार्य प्रणाली का स्मार्ट बनने पर जोर दिया जाएगा।

इस मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नगर निगम चुनाव के संबंध में राज्य सरकार की नीयत पर सवाल खड़े किये।

****************

रांची मेयर रह चुकीं और कांग्रेस समर्थित महापौर पद की उम्मीदवार रमा खलखो ने अपने घोषणा पत्र के पांच अहम वादे बताए। उनकी पहली प्राथमिकता शहर में जलापूर्ति की व्यवस्था को दुरुस्त

करने का है। इसके साथ साथ शहर में बेहतरीन सीवरेज एंड ड्रेनेज सिस्टम बनाना उनकी प्राथमिकता होगी।

*****************

नगर निकाय चुनाव को लेकर सरायकेला नगर पंचायत क्षेत्र में अध्यक्ष पद के लिए भाजपा समर्थित उम्मीदवार सुमित चौधरी ने संकल्प पत्र जारी किया। जारी संकल्प पत्र में जिला मुख्यालय को रेल नेटवर्क से जोडने, नगर के स्कूल कॉलेज एवं प्रमुख चौक–चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी व्यवस्था मजबूत करने का वादा किया।

*****************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सरिया में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर नगर पंचायत बड़की सरैया में अध्यक्ष पद की भाजपा समर्थित प्रत्याशी शोभा देवी की जीत सुनिश्चित करने के लिए टिप्स दिए। उन्होंने इस दौरान हेमंत सरकार पर बैलेट पेपर से चुनाव कराने को लेकर निशाना साधा। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने पर जोर दिया।

*****************

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र राय ने आज पार्टी समर्थित गिरिडीह के मेयर प्रत्याशी डॉ शैलेंद्र चौधरी के पक्ष में संकल्प पत्र जारी किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र में एक लाख 50 हजार पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कचरा प्रबंधन का काम आधुनिक तरीके से किया जाएगा।

*****************

चतरा जिले में नगर निकाय चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज है। तेइस फरवरी को होने वाले मतदान से पहले सभी प्रत्याशी मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने में जुट गए हैं।

*****************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में बालू के अवैध कारोबार को गंभीर सामाजिक और आर्थिक संकट बताते हुए कहा है कि अवैध खनन और कालाबाज़ारी के कारण राज्यभर में बालू की कीमतें बढ़ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस अवैध गतिविधि से पर्यावरण को नुकसान हो रहा है और आम जनता आर्थिक रूप से प्रभावित हो रही है।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज रामगढ़ में अपने पैतृक गांव नेमरा पहुंचे। वहां उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और समाधान का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री ने अपने गांव में संथाली समाज के लोगों के साथ बैठक कर पाहन के चुनाव में भी हिस्सा लिया।

*****************

झारखंड हाईकोर्ट ने फैसला दिया कि बुजुर्ग माता–पिता की स्व अर्जित संपत्ति पर बेटा–बहू जबरन अधिकार नहीं जता सकते। मानसिक या शारीरिक प्रताड़ना की स्थिति में घर खाली करना होगा। कोर्ट ने रामगढ़ उपायुक्त के आदेश को रद्द करते हुए वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा की।

*******समाप्त********